हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, बुधवार 8 अप्रैल 2026

12 एक्सटेंशन लेक्चरर्स हटाने का विरोध सीएम के...



12 स्टेट जूनियर एथलेटिक्सः हिसार के खिलाड़ियों ने...



**खबर संक्षेप**

### अग्निवीर जीडीः चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी

**हिसार।** सेना भर्ती कार्यालय, हिसार की ओर से हुई अग्निवीर भर्ती रैली के अग्निवीर जनरल ड्यूटी (महिला सेना पुलिस) श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों की सूची www.joinindianarmy.nic.in वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए सेना भर्ती कार्यालय भर्ती निदेशक ने चयनित उम्मीदवारों को बधाई देते हुए कहा कि चयनित उम्मीदवार 10 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे सभी ओरिजिनल मूल दस्तावेजों सहित सेना भर्ती कार्यालय हिसार पहुचें। उन्होंने चयनित उम्मीदवारों से आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर को भी साथ लाने को कहा है।

### ढाणी किशनदत्त में सीसी रोड का निर्माण करवाया

**हिसार।** ढाणी किशनदत्त की गली में सड़क का हिस्सा धंसने के मामले में नगर निगम प्रशासन ने संज्ञान लिया और निर्माण करने वाले एजेंसी से उसे ठीक करवाया। कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी ने बताया कि ढाणी किशनदत्त की गली में सड़क का हिस्सा धंसने की सूचना प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि इसी क्षेत्र में सीसी की गलियों का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही इस सड़क धंसने वाली जगह को भी सीसी सड़क का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि सड़कों की देखरेख की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी अगले तीन वर्षों तक करेंगी। ताकि उनकी गुणवत्ता और मजबूती बनी रहे।

### नगर निगम की टीम ने पकड़े 31 बेसहारा पशु

**हिसार ।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने आजाद नगर, कैमरी रोड, राम नगर, किषान कॉलोनी, गीता कॉलोनी गली नंबर 4 के आस-पास क्षेत्र से 31 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए पशुओं को गो अभ्यारण्य भेज दिया गया है। एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### अवैध देसी कट्टे व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए-वन स्टाफ की टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह कार्रवाई उप-निरीक्षक सुरेंदर के नेतृत्व में की गई। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सीआईए-वन की टीम सेक्टर-33 डंपिंग स्टेशन क्षेत्र में गश्त तैनात थी। तभी पुलिस की गाड़ी को देखकर एक युवक घबरा गया और सड़क किनारे झाड़ियों की ओर छिपने का प्रयास करने लगा। टीम ने उसे घेराबंदी कर काबू किया। पकड़े गए युवक की पहचान आदमपुर के जवाहर नगर लाइनपार निवासी विशाल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### बुजुर्ग के हत्यारोपी को रिमांड के बाद भेजा जेल

**नारनौंद।** पेटवाड़ के रामफल हत्याकांड में गिरफ्तार मुख्य आरोपी पेटवाड़ निवासी सुरेश कुमार को पुलिस ने रिमांड के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। वहीं, दूसरे आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। बता दें कि 30 मार्च की शाम को दो युवकों ने पेटवाड़ के 85 वर्षीय रामफल को पीटा था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने 5 अप्रैल को मुख्य आरोपी पेटवाड़ निवासी सुरेश कुमार को गांव भैणी अमीरपुर के पास से पकड़ कर वारदात में प्रयुक्त गाड़ी और अन्य चीजें बरामद करने के लिए कोर्ट में पेश कर दो बार दो-दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया व वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी और लाठी को बरामद की है।

## सरकार के खिलाफ फूटा गुस्सा, कहा- किसानों को कमजोर करने के लिए बनाई गई है नई खरीद पॉलिसी

# नए खरीद नियमों के खिलाफ प्रदर्शन, सात दिन से नारनौंद में नहीं खरीदा गया गेहूं का एक भी दाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

अनाज मंडी में मंगलवार को सरकार की नई खरीद पॉलिसी का जमकर विरोध हुआ। बड़ी संख्या में किसान मंडी में एकत्रित हुए और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। किसान नेता सुरेश कोथ और अभिमन्यु कोहाड़ के नेतृत्व में किसानों ने गेट नंबर-1 से मंडी में प्रवेश किया और नारेबाजी करते हुए गेट नंबर-2 तक पहुंचे। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मंडी के अंदर भेजा गया, जहां उन्होंने खरीद व्यवस्था पर रोष व्यक्त किया।

किसानों को संबोधित करते हुए सुरेश कोथ व अभिमन्यु कोहाड़ ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कि यह कानून किसानों की फसल बेचने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें कमजोर करने के लिए बनाए जा रहे हैं। धीरे-धीरे मंडियों को खत्म करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने बड़े मामलों पर सख्ती न होने और किसानों पर नियम थोपे जाने का भी जिक्र किया। कोहाड़ ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने नई शर्तें नहीं हटाईं तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान आढ़ती एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान राम अवतार तायल ने भी किसानों का समर्थन किया। इस संबंध में मार्केट कमेटी के सचिव यशपाल मेहता ने किसानों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि खरीद सरकार की पॉलिसी के तहत ही होगी, लेकिन किसी किसान को परेशान नहीं किया जाएगा। मेहता ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी किसान के परिवार का सदस्य बीमार है, तो उसके स्थान पर दूसरा सदस्य भी खरीद प्रक्रिया पूरी कर सकता है।



नारनौंद। अनाज मंडी में शेड से बाहर पड़ी हुई किसान की फसल।

### नारनौंद मंडी में दो लाख क्विंटल से ज्यादा गेहूं की आवक

**नारनौंद।** सरकार ने एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू करने के आदेश दिए थे लेकिन नारनौंद की अनाज मंडी में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी खरीद शुरू नहीं हुई है। इतना ही नहीं अनाज मंडी में फसल की आवक से मंडी के तीनों शेड फुल हो चुके हैं। किसान शेड से बाहर फसल डालने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इसी बीच पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते हो रही हल्की बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मंडी के आढ़तियों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द फसल की खरीद शुरू की जाए। प्रदेश में गेहूं की बंपर पैदावार को देखते हुए सरकार ने एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू करने की घोषणा कर दी थी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आज तक गेहूं के एक दाना की खरीद नहीं हो पाई हैं। नारनौंद, लोहारी राघो, खेड़ी लोहचब, कोथ कलां, थुराना की अनाज मंडियों में दो लाख क्विंटल से ज्यादा गेहूं की फसल की आवक आ चुकी हैं। मंडी में बनाए गए सभी शेड फुल हो चुके हैं। अब किसान मजबूर होकर अपनी फसल को बाहर डालने पर मजबूर हो रहे हैं। पिछले 24 घंटे में रूक रूककर हो रही हल्की बारिश के कारण फसल गीली होने का भय बना हुआ है। फिलहाल किसान फसल को तिरपाल से कवर करके काम चला रहे हैं। अभी तक फसल की खरीद न होने किसानों के साथ साथ आढ़ती भी परेशान नजर आ रहे हैं।

#### न खरीद हो रही और न बारदाना पहुंचा

आढ़ती यूनियन के प्रधान सुनील लोहान, मास्टर सतबीर सिंह, सुरेश माजरा, सुनील कुमार, अमरीक पाली, संत मोर आदि ने बताया कि अभी तक खरीद शुरू नहीं होने से काफी परेशानी हो रही हैं। मंडी में बारदाना भी नहीं पहुंचा है। अगर ऐसी ही हालत रहे तो काफी नुकसान उठाना पड़ेगा। क्योंकि किसान फसल को डालकर चला गया। अगर समय पर खरीद नहीं हुई तो काफी नुकसान होगा।

#### ये एजेंसी करेंगी खरीद

नारनौंद अनाज मंडी में हैफेड और वेयरहाउस, खेड़ी लोहचब में हैफेड, लोहारी राघो में फूड एंड सप्लाई, कोथ कलां में हैफेड, थुराना में फूड एंड सप्लाई की तरफ से खरीद की जाएंगी। अभी तक नारनौंद की अनाज मंडी में 70 हजार क्विंटल, खेड़ी लोहचब में 75 हजार क्विंटल, लोहारी राघो में 55 हजार क्विंटल, कोथ कलां में चार हजार क्विंटल, थुराना में आठ हजार क्विंटल गेहूं की फसल की आवक आ चुकी हैं।

#### गेहूं की नमी के कारण नहीं हो रही खरीद

गेहूं में काफी नमी है। इस कारण फसल की खरीद नहीं हो पा रही। सरकार की तरफ से 12 प्रतिशत तक नमी की फसल की खरीद हो सकती है लेकिन फसल में 13 फीसद से ऊपर की नमी पाई जा रही हैं। जैसे ही नमी कम होगी तुरंत प्रभाव से खरीद शुरू करवा दी जाएगी। किसानों को मंडी में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। **-रवि श्योराण,** सचिव, मार्केट कमेटी।



बरवाला। रोष जताती संयुक्त किसान मजदूर बाडो पट्टी टोल कमेटी।

### बिना गेट पास और बायोमेट्रिक के मंडी में उतारी फसल

**बरवाला।** संयुक्त किसान मजदूर बाडोपट्टी टोल कमेटी के बैनर तले अनाज मंडी बरवाला में किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। सरकार के नए खरीद नियमों के खिलाफ गुस्साए किसानों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया और खुला ऐलान किया कि अब अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा। किसानों ने प्रशासन को चुनौती देते हुए बिना गेट पास और बायोमेट्रिक के ही अपनी गेहूं की ट्रॉलियां मंडी में उतार दीं और फसल बिकवाई। किसानों ने साफ कहा कि हम अन्नदाता हैं, कोई अपराधी नहीं। हर बार कागजों के नाम पर अपमान सहन नहीं करेंगे। टोल कमेटी के अध्यक्ष सरदानन्द राजली ने सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ किसान मौसम की मार से टूट रहा है तो दूसरी तरफ सरकार कागजी जाल में फंसा कर उसे कुचल रही है। ये खुला अत्याचार है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 24 घंटे खरीद शुरू नहीं हुई और ये नियम वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन सड़कों से लेकर मंडियों तक चलाया जाएगा। हांसी की घटना पर गुस्सा जाहिर करते हुए कहा गया कि बीमार किसान को अंगूठा लगाने के लिए घसीटना इंसानियत नहीं, जुल्म है।

#### मार्केट कमेटी सचिव ने दिया आश्वासन

मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र कुंडू ने इन किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि आगे से 24 घंटे मंडी खुली रहेगी और गेट पास नहीं लगेगा। बाकी मांगें मेरे लेवल की नहीं है ऊपर भेज दूंगा। इस विरोध प्रदर्शन में उमेद सिंह,मास्टर कर्मवीर प्रधान, धोला, रोहतास राजली, नरेश भ्याण, सत्यवान रेड्डू, सत्यवान खेदड़, ईश्वर वर्मा, मिया सिंह बिठमडा, रमेश प्रधान, बलवान बैनीवाल, विरेन्द्र नैन, सुखदेव छान, कामरेड मोहन लाल, श्रवन कुमार, काला बालक व जोगेंद्र आदि शामिल रहे।

### सामान्य से $10^0$ लुढ़का अधिकतम तापमान

**हिसार।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश के मैदानी इलाकों में बड़ा बदलाव देखने को मिला। प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश व कहीं-कहीं बूंदाबांदी के कारण अधिकतम पारे में गोता लगा दिया। दिन का पारा सामान्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। सोमवार की रात्रि तथा मंगलवार की सुबह तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण कई स्थानों पर गेहूं बिछ गई है। इसके अलावा अनाजमंडियों व खरीद सेंटरों पर बिक्री के लिए पहुंचे गेहूं में नमी बढ़ने के कारण सरकारी एजेंसियां इसे खरीदने में परहेज करने में लगी है। सरकार के नियमानुसार नमी की मात्रा 12 फीसद से ऊपर नहीं होने चाहिए, लेकिन गेहूं में नमी इससे कहीं ज्यादा ऊपर आ रही है। जानकारी के अनुसार हरियाणा एनसीआर व दिल्ली में मौसम प्रणाली की गतिविधियों तेज़ गति की हवाओं और हल्की बारिश बूंदाबांदी से और नमी पहुंचने से दिन के तापमान में रिकॉर्ड तोड गिरावट देखने को मिल रही है। कुछ स्थानों पर दिन के तापमान सामान्य से 10 .0 डिग्री सेल्सियस से 12 .0 डिग्री सेल्सियस तक नीचे बने हुए है यानी गर्मी में ठंड का अहसास होने लगा है। वहीं दूसरी तरफ रात्रि तापमान में हल्की बढ़त और सामान्य तापमान के आसपास बने हुए हैं। हिसार का अधिकतम पारा 25 .4 तथा रात्रि पारा 17 .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर चली तेज हवाओं के कारण हल्की ठंडक महसूस की गई।

#### सामान्य से नीचे रहेगा पारा

मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्रमोहन ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। आठ अप्रैल को भी इस मौसम प्रणाली का असर हरियाणा एनसीआर व दिल्ली पर देखने को मिलेगा। इस दौरान तेज गति की हवाओं के साथ हल्की बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की गतिविधियों को नकारा नहीं जा सकता। आने-वाले तीन चार दिनों तक हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार तापमान सामान्य से नीचे बने रहेंगे। नौ अप्रैल को हरियाणा के उत्तरी जिलों पर हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियों की सम्भावना बन रही है, परन्तु 11 अप्रैल को एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से धीरे-धीरे सम्पूर्ण इलाके में तापमान में एक बार फिर से बढ़ोतरी की सम्भावना बन रही है।

## हांसी में पुलिस ने नाकाबंदी कर 608 वाहन जांचे, 107 के चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा रात्रि के समय पैदल गश्त शुरू की गई है। इसके साथ ही पीसीआर, राइडर व ईआरवी टीमों द्वारा शहर व आसपास के क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा रात्रि के समय में विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, इस दौरान 608 वाहनों की जांच के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 107 वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि गश्त व चेकिंग अभियान के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर पैनी नजर रखी जा रही है, जिससे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे यातायात नियमों का पालन करें, अन्यथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### चोरियां रोकने के लिए 59 कबाड़ियों की सूची तैयार की गहनता से चेकिंग



**हांसी।** पुलिस ने चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिले भर में कबाड़ियों की दुकान और गोदामों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान जिला हांसी के 59 कबाड़ियों की सूची तैयार कर सभी की दुकानों पर जाकर गहनता से जांच की गई। इस दौरान सभी थाना प्रबंधक एवं पुलिस चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में कबाड़ी दुकानों का व्यापक निरीक्षण किया गया। पुलिस टीमों द्वारा विशेष रूप से पिछले दिनों खेतों से मोटर, तार व अन्य सामान की चोरी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए कबाड़ियों के यहां ऐसे सामान के संबंध में पूछताछ की गई तथा संदिग्ध वस्तुओं की बारीकी से जांच की गई। अभियान के दौरान कबाड़ियों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे अपनी दुकानों पर आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पूरा रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज करें तथा किसी भी प्रकार का संदिग्ध या चोरी का सामान खरीदने से सख्ती से परहेज करें।

### मसूदपुर में भाई का हत्यारोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सदर पुलिस ने मसूदपुर में प्लॉट के विवाद में हुई हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। हांसी सदर थाना प्रभारी निरीक्षक पवित्र कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि गांव मसूदपुर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक शमशेर सिंह की हत्या उसके ही भाई सुरजमल द्वारा प्लॉट के विवाद को लेकर की गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए। मृतक के भतीजे मंदीप के बयान के आधार पर आरोपी सुरजमल के खिलाफ थाना सदर हांसी में हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया गया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे हांसी-भिवानी बाईपास रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ जारी है। गिरफ्तार आरोपी सुरजमल को बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

## सीएम फ्लाइंग ने बालसमंद सब अनाज मंडी में लिए सड़क और फड़ के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बालसमंद स्थित सब अनाज मंडी में निर्माण कार्यों में कथित अनियमितताओं की शिकायतों के बाद मंगलवार को सीएम फ्लाइंग टीम ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत जांच की। टीम ने मंडी परिसर में बनाई गई सड़कों तथा सीसी से तैयार किए गए फड़ के कई सैंपल एकत्रित कर उन्हें जांच के लिए लैब में भेजे जाएंगे।

संयुक्त टीम में सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के एसडीओ भरत सिंह, एसडीओ सुरेंद्र रेड्डू, जेई भवन वधवा, ईएसआई कृष्ण कुमार और एएसआई सुरेंद्र सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। टीम ने मौके का बारीकी से निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा गांव बालसमंद में किसानों की सुविधा के लिए इस सब अनाज मंडी का निर्माण करवाया गया है। मंडी में फसल रखने के लिए सीसी से फड़ बनाए जा रहे हैं, वहीं आंतरिक सड़कों का निर्माण भी कराया गया है, ताकि किसानों को आवागमन और फसल उतारने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। बताया जा रहा है कि करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से यह निर्माण कार्य टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से एक ठेकेदार को अलॉट किया गया था। हालांकि स्थानीय दुकानदारों व क्षेत्रवासियों का कहना है कि ठेकेदार ने घटिया निर्माण सामग्री लगाई है, जिससे नई सड़कें कई जगहों से उखड़ने लगी है। इसके अलावा मंडी में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था भी नहीं की गई।

इस पर सीएम फ्लाइंग टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़कों और फड़ों की गुणवत्ता जांचने के लिए सैंपल लिए, जिन्हें जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



हिसार। सैंपल लेते सीएम फ्लाइंग टीम।

**कार्यक्रम** कचरा अलग करो, शहर संवारोः गुरु गोरखनाथ राजकीय कॉलेज में विद्यार्थियों को दिया स्वच्छता का मंत्र

# स्वच्छता की पाठशाला में तैयार हो रहे जिम्मेदार नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से गुरु गोरखनाथ जी राजकीय कॉलेज में वेल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा और पार्षद डॉ. सुमन यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विवेक सैनी, वाइस प्रिंसिपल डॉ. राजेन्द्र सेवदा, डॉ. सतीश वर्मा, डॉ. पूनम यादव, डॉ. पंकज गिल, डॉ. सरिता, डॉ. मुकेश, डॉ. मोनिका, डॉ. आशीष तथा जिला संयोजक लक्ष्मण श्योराण के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल रहे।



### गीला-सूखा कचरा अलग न किया जाए तो उसे प्रोसेस करना हो जाता है मुश्किल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में कचरा प्रबंधन एक चुनौती बन गया है। घरों और संस्थानों से निकलने वाला मिक्स कचरा अक्सर अलग-अलग नहीं किया जाता, जिससे उसे प्रोसेस करना मुश्किल हो जाता है। यदि लोग गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालें और नगर निगम के वाहनों में भी अलग-अलग कचरा दें, तो इस कचरे का निस्तारण काफी हद तक संभव है। अतिरिक्त निगमायुक्त ने विशेष रूप से युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्वच्छता की शुरुआत घर से करें। विद्यार्थी अपने घरों में कचरे का सही तरीके से सेग्रीगेशन करें, उसकी जियो-टैग फोटो लें और अपने कोर्स कोऑर्डिनेटर के साथ साझा करें। साथ ही अपने आस-पास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

#### वार्ड 14 जीरो वेस्ट वार्ड के रूप में विकसित

अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने कहा कि नगर निगम द्वारा 'जीरो वेस्ट वार्ड' बनाने की दिशा में कार्य किए जा रहे है। इस दिशा में पार्षद डॉ. सुमन यादव की भूमिका सराहनीय रही है। उनके प्रयासों से वार्ड 14 को जीरो वेस्ट वार्ड के रूप में विकसित किया गया है, जहां गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग किया जा रहा है। गीले कचरे से सेक्टर-13 के एमआरएफ सेंटर पर जैविक खाद तैयार की जा रही है, जबकि सूखे कचरे को सातरोड़ एमआरएफ सेंटर पर छंटाई के बाद प्रोसेसिंग प्लांट भेजा जाता है। इसके बाद उन्हें ज्वलनशील पदार्थों को फैक्ट्रियों में उपयोग के लिए भेजा जा रहा है।

#### स्वच्छता सिर्फ सरकारी जिम्मेदारी नहीं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद डॉ. सुमन यादव ने कहा कि वैल्यू एडेड कोर्स केवल सैद्धांतिक नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे व्यवहार में भी उतारना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। स्वच्छ घर, संस्थान और सार्वजनिक स्थान समाज में सकारात्मक छवि प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे स्वयं उदाहरण बनें और अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

### 33.82 ग्राम हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

**हिसार।** नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शहर पुलिस टीम ने महिला को बड़ी मात्रा में हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान अंबेडकर बस्ती निवासी पूजा के रूप में हुई है। पड़ाव चौकी प्रभारी एएसआई विक्रम को इस बारे में सूचना मिली थी कि अंबेडकर बस्ती में एक महिला पूजा घर के बाहर हेराइन बेचती है।

सूचना के बाद पुलिस ने तुरंत दबिश दी और महिला काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 33 ग्राम 82 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है ताकि नशे के इस नेटवर्क की अन्य कड़ियों का पता लगाया जा सके।




# मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

लाइफ Style

# तृषा
## अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

एजेंसी ⏩ मुंबई

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।



हॉलीवुड मसाला



# घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

**लॉस एंजिल्स।** 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज़ दिए हैं।



# बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।



# कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।



# आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

**मुंबई।** मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

टीवी मसाला



# दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

## दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'

**नई दिल्ली।** दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी' के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।



# अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

**मुंबई।** कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है?? एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।



# रामायणमः यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।



## पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

# सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

***नई दिल्ली।** जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।*

### जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था।



मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।

**नकली जूलरी की दुकान** : जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

### चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

### सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं ।

### ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

**धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही** : इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।

खबर संक्षेप



## दोयम दर्जे के ट्रांसफार्मर खरीदने का लगाया आरोप

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की सातरोड़ सब यूनिट की बैठक सब यूनिट प्रधान बोबिंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सचिव मुकेश कुमार खांडा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य उपप्रधान जगमेंद्र पूनिया, राज्य नेता धर्मेंद्र शर्मा, सर्कल सचिव ओमप्रकाश वर्मा, यूनिट प्रधान बिजेंद्र पूनिया व सचिव रमेश सातरोड़ ने कर्मचारियों की समस्याओं और उनकी सुरक्षा के साथ किए जा रहे खिलवाड़ पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम प्रबंधन द्वारा घटिया क्वालिटी के ट्रांसफार्मर खरीदकर कर्मचारियों व जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

## संदिग्ध गतिविधियों के खिलाफ चलाया अभियान

**उकलाना।** अपराध पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उकलाना में पुलिस ने पैदल पेट्रोलिंग की। पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर लोगों से सुरक्षा संबंधी जानकारी ली तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। इस दौरान पुलिस ने बाजार, मुख्य चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में जाकर लोगों से बातचीत की। कहा कि संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### हांसी अनाज मंडी में 87351 क्विंटल गेहूं की आवक

# विभिन्न एजेंसियों ने दस हजार क्विंटल से अधिक गेहूं खरीदा

किसानों को रात के समय मंडी में ठहरना पड़े तो उनके लिए उचित ठहराव की व्यवस्था भी की जाए: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



जिला की सभी अनाज मंडियों में रबी सीजन के तहत गेहूं की खरीद का कार्य निरंतर सुचारू रूप से जारी है। हांसी अनाज मंडी में अब तक 87351 क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की जा चुकी है, और विभिन्न एजेंसियों द्वारा 10000 क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि हैफेड, हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा मंडियों में गेहूं की खरीद का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद कार्य के साथ-साथ उठान कार्य भी समानांतर रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडियों में अनावश्यक भीड़भाड़ न हो और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने के पानी, शौचालय, बैठने एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को रात के समय मंडी में ठहरना पड़े तो उनके लिए उचित ठहराव की व्यवस्था भी की जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मंडियों में सफाई व्यवस्था बनाए रखी जाए तथा समय पर फसल की तुलाई और भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## फसल खरीद प्रबंधों को लेकर डीसी ने नोडल अधिकारियों की बैठक ली

**मंडियों में निरंतर व्यवस्था की समीक्षा करते रहने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

फसल खरीद प्रबंधों को लेकर उपायुक्त महेंद्र पाल ने मंगलवार को विभिन्न मंडियों के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि खरीद सीजन के दौरान वे निरंतर मंडियों का दौरा करें और व्यवस्थाओं एवं प्रबंधों की समीक्षा करें। इससे पूर्व मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से जिले में फसल मिसमैच, फसल खरीद प्रबंधों तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही अनाज मंडियों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने और सभी खरीद केंद्रों पर कार्य सुचारू रूप से चलाने पर भी जोर दिया गया।



हिसार। वीसी दौरान उपस्थित उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो: हरिभूमि

**गेहूं की खरीद व उठान के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं : डीसी**

उपायुक्त ने मुख्य सचिव को अवगत करवाया कि जिले में फसल खरीद व्यवस्था सामान्य रूप से चल रही है। गेहूं की खरीद के साथ-साथ उसके उठान के लिए भी पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसानों का गेट पास जारी होने के बाद बायोमेट्रिक सत्यापन कर पारदर्शिता के साथ खरीद प्रक्रिया की जा रही है। इसके अलावा उपायुक्त ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल का भुगतान तय समय सीमा के भीतर सीधे उनके बैंक खातों में किया जाए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी अमित शेखावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एडीसी ने आदमपुर मंडी का किया निरीक्षण



**आदमपुर।** अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने मंगलवार को आदमपुर मंडी का निरीक्षण कर फसल खरीद को लेकर की गई तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने खरीद प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने मंडी में पहुंचकर खरीद केंद्रों, तौल व्यवस्था, बारदाना उपलब्धता तथा उठान प्रक्रिया की स्थिति की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए ताकि मंडी में अनावश्यक भंडारण न हो और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## माप तोल विभाग ने जांचे इलेक्ट्रॉनिक धर्म कांटे

**नारनौंद।** दुकानों पर रखें इलेक्ट्रिकल कांटों की मात्रा विभाग की तरफ से जांच की गई और जिन कांटों में खामियां मिली उनको दुरुस्त करके सील लगा दी गई। बता दें कि विभाग की तरफ से एक वर्ष बाद यह कार्रवाई की जाती हैं ताकि तोल में कोई गड़बड़ी न हो सके। जिन दुकानदारों ने यह सील नहीं लगवाई और उनकी शिकायत होती है तो विभाग जुर्माना लगाकर कार्रवाई करने के आदेश देता है। दुकानों और अनाज मंडी में तोल के लिए रखे जाने वाले कांटों को जांचने के लिए माप तोल विभाग की तरफ से अधिकारी मंगलवार को नारनौंद की अनाज मंडी में पहुंचे। उन्होंने सभी आढ़तियों को नोटिस देखकर अपने कांटों की जांच करवाने के मार्केट कमेटी के कार्यालय में बुलाया गया। सभी दुकानदार अपने इलेक्ट्रिकल वजन करने के कांटे लेकर पहुंचे और उनकी जांच की गई कि वे वजन को सही तरीके तोलते है या नहीं जिन भी कांटों में खामियां पाई गई जो कि वजन कम निकालते हैं उनको ठीक किया गया और सील लगा दी गई।

## हांसी में 8 स्कूलों में कराई गई एसपीसी परीक्षा 309 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा दो वर्ष बाद मंगलवार को भैणी अमीरपुर, मोठ, माजरा, ढाणी पीरावली, मसूदपुर, घिराय, भटोल खरकड़ा व शेखपुरा गांव के 8 स्कूलों में स्टूडेंट पुलिस कैडेट की परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 309 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इससे पूर्व पुलिस द्वारा निरंतर स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को सामुदायिक पुलिसिंग योजना के अंतर्गत साइबर फ्रॉड से बचाव, पुलिस विभाग की ऑनलाइन नागरिक सेवाएं, डायल 112, नशे के विरुद्ध जागरूकता, यातायात नियमों एवं पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा ए तथा बी सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे, जो एनसीसी व एनएसएस की तर्ज पर भविष्य में लाभदायक सिद्ध होंगे।

## एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के मिडल विंग में कम्प्यूटर लैब शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल में नव सत्र 2026-27 के उपलक्ष्य में मंगलवार को हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने विद्या की देवी मां सरस्वती का आह्वान किया कि हे मां सरस्वती आप विद्या की देवी व सभी कामनाएं पूरी करने वाली हो। हम आज से नया शिक्षा सत्र का आरम्भ करने जा रहे हैं, आप हमें सफलता प्रदान करें। हवन के माध्यम से नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई तथा विद्यालय की उन्नति और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इसी अवसर पर मिडिल विंग में नवीन कंप्यूटर लैब का रिबन खोल कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन कुमार अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, सेक्रेटरी रजत अग्रवाल, ईश्वर गोयल, प्रधानाचार्या ऋतु सिंह और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## छात्रा प्रिया का विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हिसार।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आर्य नगर, हिसार की छात्रा प्रिया ने राज्य स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। प्रिया ने इससे पूर्व जिला स्तर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में 'एआई को उपयोग करने में नैतिकता' विषय पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया था। जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। पानीपत जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिवाह में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रिया ने अपने ज्ञान, लेखन कौशल और विषय की गहन समझ का परिचय देते हुए विषय 'राष्ट्र की प्रगति में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका' पर सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। प्रतियोगिता के परिणाम में प्रिया (कक्षा 12वीं, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आर्य नगर, हिसार) को कुल 248 अंक प्राप्त हुए और उन्हें सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## तलवंडी राणा में सड़क निर्माण को लेकर बैठक 10 अप्रैल को होगी

**हिसार।** गांव तलवंडी राणा में सड़क निर्माण को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग हरियाणा द्वारा 10 अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे बरवाला रेस्ट हाउस में बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (पीडब्ल्यूडी बी एंड आर) करेंगे। इस संबंध में क्षेत्र वासी लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा से मिले थे। अवगत करवाया था कि तलवंडी-हिसार का पुराना सड़क मार्ग बंद होने से न केवल तलवंडी बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। हिसार व अन्य क्षेत्रों से चंडीगढ़ आने-जाने वाले लोगों को लगभग 15 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है।

## भाजपा की विचारधारा अन्य दलों से भिन्न : डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा प्रदेश संगठन की योजना अनुसार पूरे प्रदेश में 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हिसार विधानसभा के देव ऋषि शक्ति केंद्र में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि भाजपा की विचारधारा अन्य राजनीतिक दलों से पूरी तरह भिन्न है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास केवल नारा नहीं, बल्कि पार्टी की कार्यशैली का मूल मंत्र है।

## एवीटी स्टाफ की नशा तस्करों पर स्ट्राइक, दो आरोपी काबू

**हिसार।** पुलिस के एवीटी स्टाफ ने 7.09 ग्राम हेरोइन सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एवीटी स्टाफ प्रभारी एसआई धर्मबीर व टीम ने चैकिंग के दौरान दोनों को दबोचा। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एवीटी स्टाफ ने दो शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नरवाना के बीरबल नगर निवासी समीर उर्फ सीमु व हिसार के खेदड़ गांव निवासी अमन उर्फ गैल के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7.09 ग्राम हेरोइन के अलावा अपराध में प्रयुक्त एक स्कूटी एक्टिवा और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

## न्यूरो-डेवलपमेंटल विकार पर कार्यशाला आयोजित

**हिसार।** दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट के तत्वावधान में एफसी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन एवं न्यूरो-डेवलपमेंटल विकार पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एम.ए. मनोविज्ञान, बी.ए. मनोविज्ञान तथा एम.ए. योग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अनीता सहारावत ने की तथा मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. पियूषा शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन हुआ।

**जागरूक** जिला पुलिस प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर नागरिकों को चेताया

# सिप के नाम पर ऑनलाइन ठगी से रहें सावधान : सिद्धांत

- साइबर अपराधी लोगों को निवेश के नाम पर झांसा देकर उनके साथ धोखाधड़ी कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिले के नागरिकों को सिप (सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सचेत रहने को कहा है। उनका कहना है कि आजकल साइबर अपराधी लोगों को निवेश के नाम पर झांसा देकर उनके साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं।

एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि ठग फर्जी निवेश ऐप, वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों से संपर्क करते हैं और उन्हें सिप में निवेश करने पर कम समय में अधिक मुनाफा देने का लालच देते हैं। कई बार नकली कंपनी या एजेंट बनकर लोगों को भरोसे में लिया जाता है और शुरुआती छोटे रिटर्न दिखाकर बड़ी रकम निवेश करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

उन्होंने बताया कि जैसे ही व्यक्ति अधिक पैसा निवेश करता है, ठग उसका पैसा निकाल लेते हैं और ऐप या वेबसाइट बंद कर देते हैं या संपर्क तोड़ देते हैं। कई मामलों में निवेशक को नकली डैशबोर्ड दिखाकर झूठा मुनाफा भी दिखाया जाता है, जिससे वह और अधिक निवेश करता रहता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी निवेश योजना में गारंटीड रिटर्न का दावा करना अक्सर धोखाधड़ी का संकेत होता है। निवेश हमेशा प्रमाणित और अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से ही करना चाहिए।

### आमजन रखें ये मुख्य सावधानियां

पुलिस की ओर से नागरिकों को सचेत करते हुए कहा गया है कि केवल सेबी से पंजीकृत कंपनियों या एजेंट्स के माध्यम से ही निवेश करें, अनजान ऐप, लिंक या वेबसाइट के जरिए सिप में निवेश न करें, सोशल मीडिया या व्हाट्सएप/टेलीग्राम ग्रुप के जरिए दिए गए निवेश ऑफर पर भरोसा न करें, गारंटीड रिटर्न या बहुत ज्यादा मुनाफे के दावे से सतर्क रहें, निवेश करने से पहले कंपनी की वैधता व रजिस्ट्रेशन की जांच अवश्य करें, अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, पिन या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें।

**ये संकेत मिले तो तुरंत हो जाएं सतर्क**

कम समय में अधिक मुनाफे का वादा करना, बार-बार अधिक पैसे निवेश करने का दबाव बनाना, नकली ऐप/डैशबोर्ड में फर्जी लाभ दिखाना, अचानक संपर्क बंद कर देना या ऐप का काम करना बंद हो जाना।

## सस्ते रिचार्ज, ऑफर या कैशबैक के लालच में न आएं

**फर्जी वेबसाइट या ऐप के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे**

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन नागरिकों को फास्टैग रीचार्ज स्कैम से सावधान रहने की अपील करते हुए एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में फास्टैग रिचार्ज व एनुअल पास के नाम पर साइबर ठगी के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें ठग लोगों को सस्ते रिचार्ज, ऑफर या कैशबैक का लालच देकर फर्जी लिंक भेजते हैं। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि साइबर अपराधी खुद को बैंक, नाही या अधिकृत एजेंसी का कर्मचारी बताकर कॉल करते हैं और फास्टैग अपडेट या केवाईसी के नाम पर यूजर से उसकी गोपनीय जानकारी जैसे ओटीपी, बैंक डिटेल, कार्ड नंबर आदि प्राप्त कर लेते हैं। जानकारी मिलते ही ठग पीड़ित के बैंक खाते से पैसे निकाल लेते हैं। कई बार फर्जी वेबसाइट या ऐप के माध्यम से भी लोगों को ठगी का शिकार बनाया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनजान लिंक पर क्लिक करना या किसी भी व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग जानकारी साझा करना अत्यंत जोखिम भरा है। केवल अधिकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही फास्टैग रिचार्ज करना सुरक्षित होता है।

## विदेश जाने के सपनों पर ठगों की नजर, वीजा के नाम पर ठगी, धोखाधड़ी से रहे सतर्कः एसपी

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने विदेश जाने की तैयारी कर रहे युवाओं एवं नागरिकों को फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि विदेश में शिक्षा, रोजगार या पर्यटन के बढ़ते रुझान के बीच कई लोग ठगों के निशाने पर हैं। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व स्वयं को ट्रैवल एजेंट या इमिग्रेशन कंसल्टेंट बताकर लोगों को कम समय में वीजा लगवाने, पक्की नौकरी दिलाने या एडमिशन दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम ऐंठ लेते हैं। बाद में या तो वीजा नहीं मिलता या फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोगों को ठग लिया जाता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- केवल रजिस्टर्ड व अधिकृत ट्रैवल एजेंट से ही संपर्क करें।
- एजेंट का लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन नंबर व कार्यालय पता अवश्य सत्यापित करें।
- एजेंट के पूर्व रिकॉर्ड व विश्वसनीयता की जांच करें।
- सभी भुगतान बैंकिंग माध्यम से करें और रसीद सुरक्षित रखें।
- जल्दी वीजा या पक्की नौकरी के झूठे दावों से सावधान रहें।

खबर संक्षेप



## भगवान के प्रति आस्था व दृढ़ विश्वास रखने वाला व्यक्ति सदैव पाता है सुख

**हिसार।** हरियाणा कुरुक्षेत्र सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट के प्रांगण में चल रहे नवाह्नपारायण रामायण पाठ के पांचवें दिन धर्मेंद्र गोयल व उनके परिवारजनों द्वारा हनुमानजी की पूजा के साथ आरंभ हुई कथा में पं. गिरधर गोपाल ओसापा व पं. सुशील ओसापा जोधपुर वालों ने संगीत की मधुरतरंगों के साथ बहुत ही मार्मिक वाणी में पाठ का उच्चारण किया। उन्होंने राम वनवास के प्रसंग के अलावा महर्षि बाल्मीकि से मिलकर उनकी आज्ञा का पालन करना, निषाद और मल्लाओं से मुलाकात, राजा दशरथ द्वारा श्रवण कुमार के माता-पिता द्वारा दिए गए श्राप का स्मरण करना और राम के वियोग में प्राण त्यागना आदि प्रसंगों का वर्णन किया। वक्ताओं ने कहा कि आस्था व विश्वास बहुत बड़ी चीज है। भगवान के प्रति आस्था व दृढ़ विश्वास रखने वाला व्यक्ति सदैव सुख पाता है।

## जनगणना को लेकर प्रगणकों को दिया प्रशिक्षण

**हिसार।** जनगणना के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रगणकों के प्रशिक्षण के दूसरे दिन मकान सूचीकरण व उन्हें संख्या प्रदान करने उपरांत मुखिया से पूछे जाने वाले प्रश्नों, विकल्पों, विभिन्न स्थितियों की जानकारी दी। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंगवा में आयोजित प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक अशोक वशिष्ठ व सुरेश गोयत ने प्रगणकों को जनगणना में पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण 33 प्रश्नों को पीपीटी के माध्यम से समझाया। प्रश्न जनगणना मकान की आवासीय स्थिति, उसके स्वामित्व, मकान में उपलब्ध सुविधाओं तथा परिवार द्वारा धारित परिसंपत्तियों से संबंधित होंगे। भोजन सत्र के उपरांत प्रगणकों को स्वगणना का महत्व, इसकी कार्य प्रणाली तथा प्रगणकों द्वारा इसके संपादन, मिलान तथा पुष्टि करने बारे विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण केंद्र में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अमोल ने निरीक्षण किया तथा प्रतिभागियों से जनगणना संबंधी विषयों पर संवाद किया। प्रशिक्षण केंद्र में जिला परियोजना समन्वयक विजेंद्र सिंह, प्राचार्य जय भगवान ने भी प्रतिभागियों व प्रशिक्षक से संवाद किया। इस अवसर पर पवन वत्स, मनोज कुमार, अनूप सिंह, धर्मबीर, कंवर सिंह, नीलम, राजबाला, उर्मिला देवी, कमलेश देवी, सुशीला व अन्य प्रगणक उपस्थित रहे।

## समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए बनाएं रणनीति

**हांसी।** समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान को लेकर की गई कार्रवाई को निर्धारित समय में पोर्टल पर दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने इसके लिए प्रत्येक बुधवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक का समय निर्धारित किया है, ताकि सभी विभाग नियमित रूप से अपनी प्रगति अपडेट कर सकें। यह निर्देश एडीसी लक्षित सरीन ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। लक्षित सरीन ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली जन समस्याओं का समयबद्ध और स्थायी समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। इसके लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समय-समय पर बैठक कर ठोस रणनीति तैयार की जाए। बैठक में एसडीएम राजेश खोथ, सीटीएम हिमांशु चौहान, डीएसपी विनोद शंकर, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी, नगर परिषद ईओ राजेंद्र सोनी, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## समिति ने मनाई राज राजेश्वरी देवी की जयंती



**हिसार।** मानव उत्थान सेवा समिति की कैमरी रोड स्थित स्थानीय इकाई के तत्वावधान में श्री हंस सेवा मंदिर में सद्गुरु सतपाल महाराज की प्रेरणा से जगत जननी राज राजेश्वरी देवी की पावन जयंती को मातृ जयंती के रूप में आश्रम प्रभारी महात्मा श्री गौरा बाई के दिशा निर्देशन में धूमधाम से मनाया गया। मातृ जयंती केवल भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी संस्था की प्रत्येक शाखा में मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ भक्तिभाव पूर्ण भजनों से हुआ। इस अवसर महात्मा गौरा बाई ने जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया कि माता राज राजेश्वरी देवी मानव धर्म के प्रणेता सद्गुरु सतपाल महाराज की माताश्री थीं। उन्होंने उनके संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माताश्री वास्तव में आदिशक्ति की देवी थीं। अंत में पूज्य बाईजी ने श्रद्धालुओं को माताश्री के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए प्रचार प्रसार की भी प्रेरणा दी। इस पावन अवसर पर महात्मा चंद्रज्योति बाई ने भी बधाई गीत गाए जिससे सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे।




## विद्यार्थियों ने वनस्पति उद्यान का किया भ्रमण

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बीएससी प्रथम वर्ष एवं तृतीय वर्ष बायोटेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित वनस्पति उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने विभिन्न औषधीय पौधों, सजावटी पौधों, दुर्लभ प्रजातियों एवं उनके वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान वनस्पति उद्यान के प्रभारी डॉ. सुभाष काजला ने विद्यार्थियों को विभिन्न पौधों की प्रजातियों, उनके उपयोग, संरक्षण तकनीकों तथा मैक्रोप्रोपेगेशन एवं हार्डनिंग की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने विभिन्न औषधीय पौधों, कैक्टस गार्डन, हर्बल गार्डन एवं सजावटी पौधों का अवलोकन किया और उनसे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान डॉ. राज रानी एवं डॉ. रितु सहारण विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहीं।

## राजकीय महिला कॉलेज में मनाया 'वर्ल्ड हेल्थ डे'



**हिसार।** राजकीय महिला कॉलेज में 'वर्ल्ड हेल्थ डे' के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम महाविद्यालय के इंटर्नशिप सेल द्वारा वाणिज्य विभाग के सहयोग से एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय 'नेचुरोपैथी एवं नेचुरल हीलिंग साइंसेज के क्षेत्रों में इंटर्नशिप के अवसर' रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ इंटर्नशिप कॉर्डिनेटर सतीश सिंगला ने मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एसएस सांगा ने मुख्य वक्ता शाश्वत नेचर क्योर एंड हेल्थ सेंटर की विशेषज्ञ डॉ. रिंपल मित्तल का स्वागत करते हुए विशेष रूप से प्राकृतिक चिकित्सा एवं समग्र स्वास्थ्य जैसे उभरते क्षेत्रों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र न केवल रोजगार के नए अवसर प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज को स्वस्थ जीवनशैली की ओर भी प्रेरित कर रहा है। इसी कड़ी में गर्ल्स हॉस्टल, महिला प्रकोष्ठ, एनएसएस और रेड क्रॉस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला नागरिक अस्पताल के चिकित्सकों व चिकित्सा टीम के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामलों में दो उद्घोषित आरोपी पकड़े

**नारनौंद।** चेक बाउंस मामलों में थाना नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस चौकी मिर्चपुर में तैनात उप निरीक्षक खेता राम ने बताया कि अजमेर सिंह निवासी मिर्चपुर को चेक बाउंस मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपित युवक अजमेर सिंह अदालत में निर्धारित तिथि पर पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने तीन अप्रैल को उसे उद्घोषित आरोपी घोषित किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसी कड़ी में थाना नारनौंद में तैनात सहायक उप निरीक्षक रेनु ने कार्रवाई करते हुए महिला लक्ष्मी को भी चेक बाउंस मामले में गिरफ्तार किया है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**हांसी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को चारकुतुब गेट स्थित रविदास मंदिर में एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर का आयोजन एसएमओ डॉ राहुल बुद्धिराजा के निर्देश पर डॉ परमजीत के नेतृत्व में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा आशा वर्करों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर के दौरान जीतराम, दीपक, नीरज, वीना एवं सीमा (एमपीएचडब्ल्यू) सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों का निःशुल्क चेकअप किया गया तथा आवश्यकतानुसार उन्हें दवाइयां भी वितरित की गईं।

### सर छोटूराम की प्रतिमा का अनावरण आज

**नारनौंद।** गांव मिर्चपुर में सर्व जातीय भाईचारे की तरफ से दीनबंधु सर छोटू राम की प्रतिमा का अनावरण बुधवार को जिला उपायुक्त राहुल नरवाल और एसडीएम विकास यादव के द्वारा गांव के मुख्य चौक पर किया जाएगा। गांव के सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार ने बताया कि गांव के मुख्य चौक पर दीनबंधु सर छोटूराम की प्रतिमा लगाई जाएगी। इसके लिए गांव के छत्तीस बिरादरी के लोगों की सर्वसम्मति से फैसला लिया गया। इस प्रतिमा लगाने में गांव के हर समुदाय को शामिल करके भाईचारे को मजबूत बनाने के लिए फैसला लिया गया है।

### ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**हिसार।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण बैच का उद्घाटन जाट कॉलेज प्राचार्य सुरेन्द्र बाजिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र बाजिया ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने कौशल को विकसित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में युवाओं को मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाने का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए स्वरोजगार के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूजा (ट्रेनर), चंचल, नेहा, रेनू, पूजा सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## हरियाणा कॉलेज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन ने उठाई आवाज

# एक्सटेंशन लेक्चरर्स हटाने का विरोध सीएम के नाम सौंपा मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

हरियाणा कॉलेज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन पूर्व में ऑल हरियाणा एक्सटेंशन लेक्चरर्स एसोसिएशन ने प्रदेश के महाविद्यालयों में कार्यरत एक्सटेंशन लेक्चरर्स के साथ हो रहे कथित अन्याय के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है। एसोसिएशन ने इस संबंध में एसडीएम कार्यालय के प्रांगण में प्रदर्शन किया और सरकार के नाम ज्ञापन सौपा। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा लागू सिक्योरिटी आफ सर्विस एक्ट 2024 गैजेट नोटिफिकेशन 16 जनवरी 2025 के तहत एक्सटेंशन लेक्चरर्स को 58 वर्ष तक सेवा सुरक्षा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा भी स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि किसी भी एक्सटेंशन लेक्चरर को सेवा से न हटाया जाए। इसके बावजूद, नियमों की अवहेलना करते हुए जिला सिरसा के दो सरकारी महाविद्यालयों में एक्सटेंशन लेक्चरर्स को सेवा से हटा दिया गया है। इनमें राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा से कुलदीप सिंह और राजकीय महाविद्यालय, ऐलनाबाद से पूजा रानी भौतिक विज्ञान को 02 अप्रैल 2026 को कार्यमुक्त कर दिया गया है। एसोसिएशन ने इस कार्रवाई को पूर्णतः अनुचित बताया।

एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा उच्चतर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप किया जाए। साथ ही, प्रभावित शिक्षकों कुलदीप सिंह एवं पूजा रानी को पुनः कार्यभार ग्रहण करवाया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले संबंधित प्राचार्यों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर बरवाला महाविद्यालय से प्रदेश सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. जगदीश दुहन, रघुमहेंद्र, शैलेंद्र, विकास चाहर, विकास नैन, हरदीप सिंह, डॉ. राहुल, पंकज, आशीष, डॉ. सुशीला, डॉ. शालू, डॉ. नीतू, इंद्रा बिश्नोई, अजय एवं मंजन सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



बरवाला। एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य।

### खेदड़ थर्मल प्लांट कर्मियों ने जताया रोष



**बरवाला।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की थर्मल खेदड़ यूनिट ने एमडी एचपीजीसीएल पर मनमानी का आरोप लगाते हुए मंगलवार को लगातार 13वें दिन विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रदेश के डिप्टी चीफ ऑर्गेनाइजर सुरेश कड़वासरा ने की तथा संचालन राज्य उपप्रधान दलजीत पंघाल ने किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के राज्य डिप्टी चीफ ऑर्गेनाइजर सुरेश कड़वासरा ने आरोप लगाया कि एमडी एचपीजीसीएल कर्मचारियों की मांगों को लेकर जो हठधर्मिता दिखा रहे हैं, वो निगम हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि एमडी को अड़ियल रवैया अपनाने की बजाय तुरंत यूनियन की केंद्रीय वार्ता समिति के साथ वार्ता कर कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही मांगों का समाधान नहीं किया गया तो यूनियन पूरे प्रदेश में आंदोलन शुरू कर देगी। विरोध प्रदर्शन में यूनियन के डबवाली यूनिट के प्रधान सुनील मोटन, अमरेंद्र सिंह प्रधान सब यूनिट रोड़ी, रविंद्र कुमार प्रधान सब यूनिट डबवाली प्रधान, राजवीर सिंह सचिव सब यूनिट कलावाली, संदीप गोदारा ऑडिटर यूनिट डबवाली, बूटा सिंह, भूपेंद्र मेहता, विकास, थर्मल यूनिट के प्रधान राजवीर सोनी, शिव कुमार, सुरेश सैनी, सत्यवान खटकड़, कृष्ण नैन, दीपक सहरावत आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बने विनोद तोषावड़



**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद तोषावड़ को ओबीसी मोर्चा का कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनाया गया है। नवनियुक्त ओबीसी कार्यकारी जिला अध्यक्ष विनोद तोषावड़ ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को उनका जन्मदिन भी है और जन्मदिन के मौके पर पार्टी ने उन्हें कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनाकर तोहफा दिया है, उसके लिए वे आभारी हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, जिला प्रभारी जवाहर सैनी एवं जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ का आभार जताया है।

# रसोई गैस के कमर्शियल यूज पर धड़ाधड़ मारे छापे

■ डाबडा चौक ओवरब्रिज के नीचे हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी तथा उसके कमर्शियल उपयोग पर सख्ती दिखाई हुए प्रशासन की टीमों ने शहर में अलग-अलग स्थानों पर धड़ाधड़ छापेमारी की। इस दौरान डाबड़ा चौक ओवरब्रिज के नीचे रेडक्रॉस भवन के सामने रसोई गैस सिलेंडर का कमर्शियल यूज रहे दुकानदारों ने प्रशासन की टीम के साथ जबरदस्त हंगामा किया। इस पर टीम ने डायल 112 को मौके पर बुलाया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और खाद्य आपूर्ति विभाग ने अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार डाबडा चौक ओवरब्रिज के नीचे नोडल ऑफिसर सिंचाई विभाग के एसडीओ के नेतृत्व में खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने रेडक्रॉस भवन परिसर के आसपास की छापेमारी की गई। यहां कुछ दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते पाए गए। टीम के पहुंचते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और दुकानदारों ने विरोध शुरू कर दिया। बताया जाता है कि ढाबा चलाने वाली एक महिला ने छापा मारने पहुंची टीम के साथ दुर्व्यवहार किया। इस पर हंगामा शुरू हो गया। टीम ने डायल 112 की टीम को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने के बाद महिला के तेवर नरम पड़ गए। छापेमारी टीम के साथ बहस कर रही महिला टीम से माफी मांगने लगी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने अपनी कार्रवाई कर नियमों के उल्लंघन पर आवश्यक कदम उठाए और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

### एलपीजी उपभोक्ताओं को जारी नोटिस पर एतराज

एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने एलपीजी उपभोक्ताओं को जिला प्रशासन द्वारा जारी नोटिस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सरकारी दिशा निर्देशों का हवाला देते हुए जारी किए गए नोटिस में एलपीजी उपभोक्ताओं को 3 महीने के अंदर पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए निर्देश जारी किए हैं। इस अवधि में पीएनजी कनेक्शन नहीं लेने वाले उपभोक्ताओं की एलपीजी आपूर्ति 3 महीने बाद बंद कर दी जाएगी। बांगड़ ने कहा कि जिला प्रशासन का यह आदेश उपभोक्ताओं के सेवा प्रदाता चुनने के अधिकार का सीधा-सीधा उल्लंघन है।

### डीसी की लोगों से अपील

जिले में एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण को लेकर हुई समीक्षा में उपायुक्त ने अवगत करवाया कि प्रशासन द्वारा गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए गठित टीमें लगातार निगरानी और कार्रवाई कर रही हैं। उपायुक्त ने बताया कि आम नागरिक कार्यालय उपायुक्त प्रथम तल पर कंट्रोल रूम हेल्पलाइन नंबर 01662-241034 तथा जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक के हेल्पलाइन नंबर 01662-233944 पर कॉल कर गैस या पेट्रोलियम पदार्थों से संबंधित शिकायत या सुझाव दर्ज करवा सकता है। इन नंबरों पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का तुरंत समाधान किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें ताकि समय रहते आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

# जिंदल स्टेनलेस के पहले ब्रांड एंबेसडर बने रणवीर सिंह



■ भारतीय सिनेमा के वर्तमान ही नहीं बल्कि भविष्य भी हैं रणवीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिंदल स्टेनलेस ने भारत के सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं और हस्तियों में से एक, रणवीर सिंह को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर और राष्ट्रीय स्तर पर सेलिब्रिटी एंडोर्सर घोषित किया है। यह साझेदारी ब्रांड के प्रचार और उपभोक्ताओं के साथ संबंध को मजबूत बनाने के कंपनी के प्रयासों के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है। अपने जज़्बे, प्रदर्शन और भरोसेमंद के लिए जाने जाने वाले रणवीर सिंह की व्यक्तित्व छवि ब्रांड के मूल सिद्धांतों को दर्शाती है। इस साझेदारी के तहत, रणवीर सिंह टेलीविजन, डिजिटल और सोशल मीडिया पर प्रचार अभियानों में अग्रणी भूमिका निभाएंगे, और स्टेनलेस स्टील को भारत के विकास की मजबूत, भरोसेमंद नींव के रूप में और आगे बढ़ाएंगे।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि रणवीर सिंह भारतीय सिनेमा के वर्तमान ही नहीं बल्कि भविष्य भी हैं। वह अपने काम के प्रति बेहद समर्पित हैं।

जिंदल स्टेनलेस प्रगति के अगले चरण की ओर बढ़ रही है, ऐसे में रणवीर सिंह का ऊर्जावान व्यक्तित्व और दर्शकों से मजबूत जुड़ाव, पूरे देश में लोगों के बीच स्टेनलेस स्टील के विविधतापूर्ण के प्रचार के लिए एक उपयुक्त साझेदार है। अभिनेता रणवीर सिंह इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए कहा, कि भारत में हममें से कई लोगों के लिए स्टेनलेस स्टील हमेशा से रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा रहा है।

### निष्क्रिय 33 और 11 केवी बिजली लाइनों को हटाने के निर्देश

**हिसार।** डीएचबीवीएन ने प्रदेश में निष्क्रिय 33 व 11 केवी बिजली लाइनों को हटाएगा। मुख्य अभियंता, पीडी एंड सी कार्यालय ने इस संबंध में सभी ऑपरेशन सर्कल के अधीक्षण अभियंताओं को निर्देश दिए हैं। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के निर्देशों में कहा गया है कि निगम की होल टाइम डायरेक्टर्स (डब्ल्यूटीडी) की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। सभी एसई (ऑपरेशन) सर्कल तथा निर्माण सर्कल संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसी 33 केवी लाइनों की पहचान करें, जो वर्तमान में उपयोग में नहीं हैं या भविष्य में 33 केवी सब-स्टेशनों के मुख्य या वैकल्पिक स्रोत के रूप में उपयोग नहीं की जाएंगी। इसी प्रकार सभी सर्कलों को निष्क्रिय 11 केवी लाइनों की भी पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं, जो भविष्य में 11 केवी फीडरों के लिए उपयोग में नहीं लाई जानी हैं। निगम ने स्पष्ट किया है कि ऐसी लाइनों की पहचान के बाद संबंधित अधिकारी सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेकर नियमानुसार उनको हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। निगम प्रवक्ता ने बताया कि इस निर्णय से निष्क्रिय बिजली लाइनों को हटाकर सिस्टम को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं अधिक कुशल बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।




हिसार। स्वर्ण पदक विजेता खुशबू (बीच में) अपना स्वर्ण पदक दिखाती हुई।

# स्टेट जूनियर एथलेटिक्सः हिसार के खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक

■ कर्ण स्टेडियम करनाल में हुआ स्पर्धा का आयोजन

**हिसार।** 15वीं हरियाणा स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिसार जिले के खिलाड़ियों ने 9 पदक अपने नाम किए हैं। इस चैम्पियनशिप का आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ग्रीवेंस कमेटी सदस्य राजकुमार मिटान के निर्देशन में कर्ण स्टेडियम, करनाल में किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के महा सचिव प्रदीप मलिक और मीडिया प्रभारी (खेल) ने बताया कि हिसार जिले के एथलीट खिलाड़ियों ने अच्छा खेल प्रदर्शन कर 7 स्वर्ण पदक और 2 रजत पदक सहित कुल 9 पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। हिसार जिले की खुशी ने हेप्टाथलॉन इवेंट में स्वर्ण पदक, डिस्कस थ्रो इवेंट में रिद्धि ने स्वर्ण पदक, 100 मीटर हर्डल इवेंट और 400 मीटर हर्डल इवेंट में खुशबू दौलतपुर (हिसार) ने स्वर्ण पदक जीते। हाई जंप इवेंट में रतन बाला ने स्वर्ण पदक, हितेश ने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता, मनीष कुमार ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, हितेश ने 800 मीटर दौड़ में रजत पदक और देवेंद्र ने 100 मीटर दौड़ में रजत पदक विजेता बनकर जिले का नाम रोशन किया। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह और अन्य पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामनाएं प्रदान की।

### विश्वास स्कूल में जांचे बच्चों के दांत

**आदमपुर।** आदमपुर-सदलपुर रोड स्थित व्यापार मंडल विश्वास स्कूल में मंगलवार को दंत जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों बच्चों के दांतों की जांच की गई।

शिविर का शुभारंभ हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की सदस्य ज्योति बैदा ने किया। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने कहा कि बच्चों को ज्यादा मीठा व चॉकलेट कम से कम खानी चाहिए क्योंकि इससे दांतों में कीड़े लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि दांतों को सुबह व शाम को खाना खाने के बाद साफ जरूर करना चाहिए

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## हिसार शहर थाना व अनाज मंडी चौकी का निरीक्षण

# थाने-चौकियों की कमियां तुरंत दूर करें: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अपने निरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार शाम को हिसार शहर थाना व अनाज मंडी चौकी का निरीक्षण किया। अनाज मंडी चौकी के निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां पाए जाने पर उन्होंने तुरंत दूर करने के निर्देश दिए वहीं लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। हिसार में कार्यभार संभालने के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन दो दिनों से जिले के थानों व चौकियों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने हिसार शहर थाना व अनाज मंडी पुलिस चौकी का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस रिकॉर्ड के रखरखाव, साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के समय शहर थाना प्रभारी पीएसआई अमित और चौकी प्रभारी एएसआई सुरेंद्र मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### अनाज मंडी चौकी में टूटा मिला फर्श, वेंटिलेशन की भी समस्या



अनाज मंडी चौकी के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने वहां की बुनियादी सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता जताई। चौकी का फर्श टूटा हुआ पाए जाने पर उन्होंने तुरंत उसे ठीक करवाने के आदेश जारी किए। इसी तरह कमरे में हवा और रोशनी (वेंटिलेशन) की समस्या को देखते हुए उन्होंने उचित सुधार करने के निर्देश दिए ताकि कर्मचारियों को कार्य करने में असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के औचक निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेंगे। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### डीसी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**हांसी।** जिला उपायुक्त राहुल नरवाल ने मंगलवार को अपने कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं स्थाई समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान हांसी शहर के वार्ड नंबर 17 के नागरिकों ने गली की लेवलिंग ठीक करवाने की मांग प्रमुखता से उठाई, जिस पर डीसी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त को पांच दिन के भीतर मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का कहा। डीसी राहुल नरवाल ने समस्याएं सुनते हुए मौके पर ही दूरभाष के माध्यम से संबंधित विभागों के अधिकारियों से बातचीत की और उन्हें निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### आज का युग तकनीक व नवाचार का : डॉ. सांगा

**हिसार।** राजकीय महिला कॉलेज के वाणिज्य विभाग, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, प्लेसमेंट सेल एवं इंटर्नशिप सेल के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में 'हार्नेसिंग टेक्नोलॉजी फॉर स्मार्ट लर्निंग एंड इनोवेशन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (हारट्रोन) के एडवांस्ड स्किल सेंटर, हिसार से आए प्रशिक्षकों के औपचारिक स्वागत के साथ हुआ। वाणिज्य विभागाध्यक्ष सतीश सिंगला ने मुख्य अतिथियों एवं प्रशिक्षकों का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सतबीर सिंह सांगा ने इस अवसर पर कहा कि आज का युग तकनीक और नवाचार का युग है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक एवं तकनीकी कौशल का होना भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला के आयोजन में अध्यक्ष सतीश सिंगला, कंप्यूटर विज्ञान विभाग के अध्यक्ष अमित बंसल एवं प्लेसमेंट सेल समन्वयक डॉ. वसुंधरा का विशेष योगदान रहा।



### महारानी लक्ष्मीबाई कालेज में प्लेसमेंट अभियान

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मंगलवार को प्लेसमेंट अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऐक्सिस बैंक के ट्रैनिंग पार्टनर अड्डा के क्षेत्रीय मैनेजर विजय सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने छात्राओं को ऐक्सिस बैंक में सहायक शाखा प्रबंधक की पोस्ट की चयन प्रकिया के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन, एप्टीट्यूड टेस्ट, बहु-स्तरीय साक्षात्कार और 50 फीसद से अधिक अंकों के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने कहा कि महाविद्यालय व ऐक्सिस बैंक द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं के लिए एक विशेष तौर पर यह अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक संख्या मे छात्राएं अपने आप को सशक्त बना सके। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने बताया कि आज के इस प्लेसमेंट अभियान में महाविद्यालय की लगभग 32 छात्राओं ने साक्षात्कार में हिस्सा लिया जिनमें से 17 छात्राओं ने चयन प्रक्रिया का पहला चरण पास किया।

### आंबेडकर बस्ती में चलाया सघन तलाशी अभियान

**हिसार।** पुलिस की ओर से जिलेभर में नशा तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शहर थाना क्षेत्र की आंबेडकर बस्ती में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाना तथा संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा। शहर थाना प्रभारी उप निरीक्षक अमित के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। इसमें डॉग स्क्वॉड टीम, कमांडो टीम तथा स्थानीय पुलिस बल ने संयुक्त रूप से भाग लिया। टीमों द्वारा क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों, सुनसान इलाकों, संदिग्ध ठिकानों व सार्वजनिक स्थानों पर गहन जांच की गई। तलाशी के दौरान आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके सामान की बारीकी से जांच की गई, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके।

### मासिक पैदल गश्त व पेट्रोलिंग अभियान चलाया

**हिसार।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम करने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर मासिक पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशों पर चलाए गए अभियान में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रूप से शामिल रहे। इस विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमों ने अपने-अपने क्षेत्र के संवेदनशील व भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पैदल गश्त की। गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों ने स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों व राहगीरों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना तथा उन्हें नशे, चोरी, साइबर अपराध और अन्य सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया।

### राजकीय महाविद्यालय के 4 विद्यार्थियों ने जीते मेडल

**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय, बरवाला के विद्यार्थियों ने पावर लिफ्टिंग इंडिया से संबद्ध हिसार पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। शारीरिक शिक्षा विषय की सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बीबीए प्रथम वर्ष के छात्र कुलविंदर ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में, बी.कॉम प्रथम वर्ष के छात्र प्रदीप ने 83 किलोग्राम भार वर्ग तथा बीए अंतिम वर्ष के छात्र छात्र सन्नी ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किए। बीए प्रथम वर्ष के छात्र नीरज ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन विद्यार्थियों को प्राचार्य अनूप ढांडा और शारीरिक शिक्षा की सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनिया तथा रामबिलास एवं अमित ने सम्मानित किया।



### दिव्यांग खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नारनौंद।** असम के गुवाहाटी में आयोजित द्वितीय पैरा लॉन बॉल नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा के दिव्यांग खिलाड़ियों ने 35 पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया था। इसमें हांसी जिले के गांव माजरा से दिव्यांग खिलाड़ी सतीश ने दो स्वर्ण पदक प्रदेश की झोली में डालने का काम किया। नारनौंद निवासी महेंद्र ने भी रजत पदक जीता। इन दोनों खिलाड़ियों का सम्मान करने मंच सदस्य वहां पहुंचे। मंच के प्रधान कपिल और हरिओम ने बताया कि इन खिलाड़ियों का सम्मान करना हमारे लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर पार्षद टेकराम, ब्लॉक पार्षद जितेंद्र मिट्ठू, रविंद्र, रुद्राक्ष गौतम व साहिल मौण आदि थे।

### बंदरों से आदमपुर के लोग परेशान



**आदमपुर।** पिछले कई महीनों से कस्बे के लोग बंदरों ने खौफजदा है। मौका मिलते ही बंदर न केवल खाने पीने के सामान को साफ कर जाते हैं व बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों तथा युवाओं को काट लेते हैं। हुडा पार्क में खेलने आए बच्चों व उनके परिजनों को काट लेते हैं। पुरानी मंडी में खाने-पीने के सामान को चटकर जाते हैं। इसी तरह अनाज मंडी तथा मार्केट कमेटी के आसपास के क्षेत्र में बंदरों ने कब्जा जमा रखा है तथा वह बंदर पूरी फौज के साथ 10 से 20 की संख्या में निकलते हैं तथा आने जाने वालों पर भी हमला कर देते हैं। इससे व्यापारी, किसान व मजदूर परेशान है। लोगो ने प्रशासन से इन बंदरों को पकड़वा कर शहर से बाहर छुड़वाने की मांग की है।